<u>समाचार</u>

# राजस्व मंत्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय भवन के पास करेंगे भूमिपूजन

कोरबा 04 जुलाई 2021 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 05 जुलाई को सुबह 09 बजे नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 02 अंतर्गत दर्री रोड स्थित अग्रसेन कन्या महाविद्यालय भवन के पास इंडोर खेल प्रतियोगिता एवं अभ्यास हेतु विधायक मद से 18 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सार्वजनिक डोम के निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण पार्षद व एल्डरमेनगण अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।